भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 296
उत्तर देने की तारीख 05 दिसंबर, 2023
14 अग्रहायण, 1945 (शक)

युवाओं के बीच खेल को बढ़ावा देना

296. श्री प्रताप सिम्हा:
डॉ. उमेश जी. जाधव:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं में खेल के प्रति रुचि पैदा करने के लिए कोई पहल की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में खेलों के संवर्धन और विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है । तथापि, केंद्र सरकार अपनी निम्नलिखित स्कीमों के माध्यम से इस संबंध में उनके प्रयासों में सहायता करती है :

1. खेलो इंडिया;
2. राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता (एनएसएफ);
3. अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार;
4. राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
5. मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
6. खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कोष; राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और
7. भारतीय खेल प्राधिकरण (साई**)** के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

ये सभी स्कीमें ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश के लिए हैं । इन स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइटों (www.yas.nic.in/sports; www.sportsauthorityofindia.nic.in) पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है ।

इसके अलावा**,** खेलो इंडिया स्कीम का "ग्रामीण और देशज/ जनजातीय खेलों का संवर्धन" नामक एक घटक विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए है ।

****